प्रेस विज्ञप्ति

शिक्षा मंत्रालय 30 सितंबर 2023 और 1 अक्टूबर 2023 को भारतीय भाषा उत्सव और दो दिवसीय "भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी समागम" का आयोजन कर रहा है।

शिक्षा मंत्रालय 28 सितंबर 2023 से प्रारंभ होने वाले 75-दिवसीय **भारतीय भाषा उत्सव** के अंतर्गत 30 सितंबर 2023 और 1 अक्टूबर 2023 को दो दिवसीय "भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी समागम" आयोजित कर रहा है। समागम का उद्‌घाटन माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली में किया जाएगा। कार्यक्रम का अध्यक्षीय भाषण श्री श्रीधर वेंबू, अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, आई.आई.आई.टी -डीएम, कांचीपुरम और जोहो कॉर्पोरेशन के सी.ई.ओ देंगे।

समागम में तीन विषयगत सत्र होंगे- (i) भारतीय भाषाओं के लिए प्रौद्योगिकी (ii) भारतीय भाषाओं में प्रौद्योगिकी, और (iii) भारतीय भाषाओं द्वारा प्रौद्योगिकी। जैसा कि एनईपी-2020 में परिकल्पित है, इस समागम की विषयवस्तु का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में भारतीय भाषा के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना है, जिसमें अधिगम, सेवा-पूर्व और सेवारत शिक्षकों, पाठ्यपुस्तक लेखकों, परीक्षकों और विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करना, क्रेडिट प्रदान करके भारतीय भाषा में ज्ञान और प्रवीणता का परीक्षण करना, शिक्षण-अधिगम सामग्री का अनुवाद और अंत में शिक्षा के वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र से भारतीय भाषा पारिस्थितिकी तंत्र में एक सुचारू परिवर्तन सुनिश्चित करना शामिल है।

इस दो दिवसीय समागम में भारतीय भाषाओं में शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु एक रोड मैप तैयार किया जाएगा जिसे शिक्षा क्षेत्र के सभी हितधारकों द्वारा लागू किया जाएगा। ऐसी अपेक्षा है कि इस समागम में विभिन्न व्यवसायों और क्षेत्रों के लगभग 1000 लोग अर्थात शिक्षाविद, छात्र, शोधार्थी, एडुटेक और इन्फोटेक उद्योग, तकनीकी विशेषज्ञ, मीडिया और फ्रीलांसर आदि सम्मिलित होंगे। समागम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय (एम.ओ.ई), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एम.एस.डी.ई) और उनसे संबंधित संस्थानों जैसे भारतीय भाषा संस्थान (सी.आई.आई.एल), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी), राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एन.ई.टी.एफ), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई),

राष्ट्रीय व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा केंद्र (एन.सी.वी.टी.ई), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई) भारतीय भाषा समिति (बी.बी.एस), आदि के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

विस्तृत विवरण समागम की वेबसाइट पर उपलब्ध है। https://technology-bharatiyabhasha.aicte-india.org